म्हारो लक्ष्य - राष्ट्र री प्रगति
अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन
स्थापित 1935

# समाज विकास

एक समाज - अनेक कार्य

**अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र**

• अक्तूबर २०२४ • वर्ष ७५ • अंक १०
मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००




## इस अंक में

**संपादकीय**
❑ समाज के लिए लड़ो

**आपणी बात**
❑ शाखाओं की यात्रा-सम्मेलन की खोज

**रपट**
❑ स्व. नन्दकिशोर जालान जन्म-शतवार्षिकी समारोह
❑ राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक
❑ सम्मेलन समाचार

विशेष पेज-१७

**संस्कार-संस्कृति चेतना**
❑ दीपावली, हवन का महत्व
❑ ॐ का रहस्य

**प्रांतीय समाचार**
❑ पश्चिम बंग, उत्कल, तमिलनाडु बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पूर्वोत्तर

**समाचार - सार**
❑ उपलब्धियाँ

## बधाई !

तमिलनाडु प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के नव-निर्वाचित अध्यक्ष



श्री अशोक कुमार केडिया

CENTURYPLY®

CENTURYPLY®
CENTURYLAMINATES®
CENTURYVENEERS®
CENTURYDOORS®
CENTURYEXTERIA®
Decorative Exterior Laminates
CENTURYPVC®
CENTURYPARTICLEBOARD®
The Eco-friendly and Economical Board
CENTURYPROWUD®
MDF-The wood of the future
zykron
FIBRE CEMENT BOARDS & PLANKS
SAINIK 710
WATERPROOF PLY
SAINIK LAMINATES™
BOLD & BEAUTIFUL

CENTURY PLYBOARDS (INDIA) LTD.
Century House, P-15/1, Taratala Road, Kolkata - 700 088
For any queries, SMS 'CPIL' to 56070 or call us on 1800 5722 122

# समाज विकास

◆ अक्तूबर २०२४ ◆ वर्ष ७५ ◆ अंक १०
◆ एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००

## अनुक्रमणिका

शीर्षक | पृष्ठ संख्या

● **संपादकीय :** ४
समाज के लिए लड़ो

● **आपणी बात : शिव कुमार लोहिया** ५
शाखाओ की यात्रा - सम्मेलन की खोज

● **रपट**
स्व. नन्द किशोर जालान जन्म-शतवार्षिकी समारोह ६
राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक ७
सम्मेलन समाचार ८-११

विशेष **संस्कार-संस्कृति चेतना**
दीपावली, हवन का महत्व १६-१७
ॐ का रहस्य

● **प्रांतीय समाचार**
पश्चिम बंग, उत्कल, तमिलनाडु १२-१४
बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, पुर्वोत्तर १९-२२

● **समाचार सार**
उपलब्धियाँ २५

● **सम्मेलन में नए सदस्यों का स्वागत** २६-३०

**स्वत्वाधिकारी**

**अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन**
**All India Marwari Federation**

**प्रशासनिक एवं संपर्क कार्यालय : ४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०००१७**
**फोन : ०३३-४००४ ४०८९**
◆ email: aimf1935@gmail.com
◆ Website : www.marwarisammelan.com

स्वत्वाधिकारी ऑल इंडिया मारवाड़ी फेडरेशन के लिए **भानीराम सुरेका** द्वारा ऑल इंडिया मारवाड़ी फेडरेशन, ४बी, डकबैक हाउस (४ तल्ला), कोलकाता-१७ से प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित।

◆ **प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा** ◆ **संपादक : शिव कुमार लोहिया**

प्रकाशित रचनाओं से संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।

## चिट्ठी आई है

### संदर्भ : सांस्कृतिक संकट

प्रिय श्री शिव कुमारजी,

दिनांक : २ अक्टूबर २०२४ को प्रातः ८ बजे मैं मेरे निवास अलिपुर से डॉ० राम मनोहर लोहिया सरणी (कलाकार स्ट्रीट) स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर जा रहा था।

गंगा किनारे प्रिंसेप घाट पहुँचने के पश्चात् अत्यधिक ट्रैफिक जाम था। सड़क के दोनों तरफ गाड़ियां एवं स्कूटर पार्क किये हुए थे। प्रिंसेप घाट से बाबू घाट तक इसी तरह पार्किंग थी।

बाबू घाट की तरफ गाड़ियाँ अति धीमी गति से चल रही थी। लगभग प्रत्येक गाड़ी/स्कूटर से बंगाली सज्जनगण एवं देवियां गंगाजी के घाटों पर तर्पण हेतु जा रहे थे अथवा लौट रहे थे।

महालया पर तर्पण का यह दृश्य एक नवीन सुखद एवं संतोषजनक अनुभव था।

इसके विपरीत दिनांक : १ अक्टूबर २०२४ आश्विन कृष्णा चतुर्दशी (पितृपक्ष) को संध्या चार बचे दिल्ली स्थित फिक्की की कोलकाता स्थित महिला शाखा ने दुर्गापूजा का आयोजन किया था - **पितृपक्ष में देवी दुर्गा का पूजन**? इस कार्यक्रम में प्रायः शत-प्रतिशत राजस्थानी समाज की महिलायें थीं।

महालया के दिन पूर्वजों को तर्पण का एक अन्य दृष्टांत है - एक बंगाली २५ वर्ष की महिला मेरे घर पर महिलाओं को कसरत करवाने आती है। कल महालया के दिन भी आयी थी। आज मैं उनसे जिज्ञासा की तो उन्होंने बताया कि लगभग २ बजे दोपहर अपने घर बंडेल पहुँचकर वहाँ से गंगाजी जाकर उन्होंने तर्पण किया। उनके पिता का कोई पुत्र नहीं है, मात्र दो बहनें हैं। उन्होंने तर्पण के पश्चात् ही अन्न ग्रहण किया।

बंगाली समाज से विपरीत राजस्थानी एवं उत्तर भारत में पितृपक्ष के १६ दिनों तक तर्पण का नियम कितने लोग करते हैं?

तर्पण के प्रति बंगाली समाज की इस निष्ठा के परिप्रेक्ष्य में राजस्थानी समाज/मारवाड़ी समाज **तर्पण के प्रति कितना निष्ठावान** है यह एक विचारणीय प्रश्न है एवं सांस्कृतिक संकट को रेखांकित करता है।

राजस्थानी समाज के सांस्कृतिक संकट का एक अन्य दृष्टांत है। दिनांक : ७ सितम्बर २०२४ को गणेश चतुर्थी के दिन राजस्थानी समाज में पुरुषवर्ग के सिन्हारे कराने की परंपरा है, जिसे चोक चानणी का सिन्हारा कहा जाता है। इस वर्ष गणेश चतुर्थी के पावन दिवस पर सिन्हारे में मदिरा पान की व्यवस्था थी।

उपरोक्त दृष्टांत विचारणीय है कि पूर्वजों के प्रति हमारी श्रद्धा एवं भविष्य की पीढ़ी के लिए हमारा मार्गदर्शन किस दिशा में जा रहा है?

सधन्यवाद।

**अरुण चूड़ीवाल**

# समाज के लिए लड़ो

संपादकीय

समाज परिवर्तनशील होता है। हम अगर बदलाव को स्वीकार नहीं करते तो रूढ़िवादी हो जाएंगे। सामाजिक परिवर्तन एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। तकनीकी प्रगति इस के लिए काफी हद तक जिम्मेदार होता है। साथ ही जनसंख्या, आर्थिक एवं सांस्कृतिक कारण भी महत्वपूर्ण होते हैं। जब ये परिवर्तन विकासोन्मुख एवं सकारात्मक हो तो स्वागत योग्य होते हैं। किंतु अक्सर यह देखा जाता है कि मानव जब अनुशासनहीन हो जाता है तो वह परिवर्तन के असली मायने को समझने में भूल कर देता है। उस हालत में समाज में कुरीतियां, विसंगतियां पनपने लगती है। यह बात सदैव याद रखने योग्य है कि भारतीय संस्कृति के कुछ आधारभूत संस्कार हैं जो हमारे जीवन की धूरी है। इनकी पकड़ इतनी मजबूत रही है कि सैकड़ो वर्षों की गुलामी के बावजूद भी हमारी संस्कृति के आधारभूत मान्यताओं को, हमारे अटल विश्वास को कोई डिगा ना सका। जब हम पांव में जुता पहनते हैं तब बाहर के कंकड़ पत्थर से हम नहीं घबराते किंतु अगर यह कंकड़ पत्थर हमारे जूते के अंदर आ जाए तो हमारे पांव डगमगा जाएंगे। कुछ इसी प्रकार आज हमारी हालत को बयां करती पंक्तियां हैं;

**गिर गई समाज की कद्र**
**चढ़ गया है आदमी बुलंदी पर**

वेदों में कहा गया है यद्भावत तद्मवति - जैसा हम सोचते हैं वैसा ही बनते हैं। पाश्चात्य सभ्यता से वशीभूत हमारी सोच पर भोगवाद हावी है। फलस्वरूप हम रुपयों पैसे को ही जीवन का एकमात्र मुख्य उपादान मानने लगे हैं। सिर्फ धन कमाना ही लक्ष्य है, आनन-फानन में धन कमाना। युवा पीढ़ी भी इस सोच से अत्यधिक ग्रसित है। देश में शेयर बाजार को सुचारू रूप से संचालन करने के लिए गठित सेबी ने एक रपट प्रकाशित की है। जिसके अनुसार शेयर बाजार में ९०% वायदा कारोबार करने वालों को आर्थिक क्षति उठाना पड़ रहा है। इस समूह में युवकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ३० वर्ष से कम उम्र वाले आर्थिक वर्ष २२-२३ में ३१% से बढ़कर आर्थिक वर्ष २३-२४ में ४३% हो गए हैं। ९३% युवा नुकसान उठा रहे हैं। द्रूत पैसा कमाने की धुन में वे पैसा गंवा रहे हैं, फिर भी इस चक्र से निकल नहीं पा रहे। जिस उम्र में युवा को अपने जीवन को कर्मठ एवं उद्यमशील बनाने की आवश्यकता है उस उम्र में वे उससे विमुख हो रहे हैं। यह मात्र एक उदाहरण है। समाज में तनाव, ईर्ष्या, हिंसा, निरंतर चिंता का विषय बना हुआ है। बच्चे विद्यालय मे हिंसक हो रहे हैं। वृद्ध मां-बाप के लिए घरों में सम्मान एवं स्थान नहीं बचा है। जीवन जीने के लिए प्रार्थना एवं आशीर्वाद का कोई महत्व नहीं रह गया है। रिश्ते नातो में अब मतलब-स्वार्थ हावी हो रहे हैं। परिवार एकांकी हो रहे हैं। विवाह की उम्र की सीमा बढ़ती जा रही है। संतान उत्पत्ति में अब नव दंपतियों की रुचि घटती जा रही है। कैरियर सर्वोपरि होता जा रहा है। आपसी विश्वास, समर्पण, सहृदयता हमारी कुंठा की बलिवेदी चढ़ रहे है। मद्यपान का बढ़ता प्रचलन पूरे समाज को ग्रसित करने पर अग्रसर हो रहा है। पिता पुत्र एवं महिलाओ का साथ-साथ गम गलत करना अब आम होने की राह में है। विवाह समारोह में विवाह के अलावा सब कुछ होता है। यह धन के भौंडा प्रदर्शन का एक अनुष्ठान बनता जा रहा है। धर्म की आड पर बड़े-बड़े भजन कीर्तन, कथा सप्ताह आदि के आयोजनों में बिना किसी रोक-टोक के सजावट बनावट दिखावट हावी हो रहे हैं। हमारे घरों में हमारे रीति-रिवाज को हम भूलते जा रहे हैं एवं स्वच्छंदता अपनाते जा रहे हैं। मर्यादा के सारे बंध टूटते नजर आ रहे हैं।

सबसे दुखद तो यह है कि साधारणतया लोगो को यह कहते सुना जाता है कि कुछ नहीं किया जा सकता। कोई किसी की नहीं सुनता। मैं उन लोगों को स्मरण करवाना चाहूंगा कि २०वीं शताब्दी के चौथे एवं पांचवें दशक में जब सम्मेलन ने पर्दा प्रथा, बाल विवाह के विरुद्ध एवं नारी शिक्षा एवं विधवा विवाह के समर्थन में बीड़ा उठाया था तब भी इसका विरोध करने वाले यही कहते थे कि सैकड़ो वर्षों से चली आ रही प्रथा को हटाना संभव नहीं। किंतु जब बाद में सफलता मिलने लगी तब उन्ही विरोधियों ने कहना शुरु कर दिया कि आंधी के आगे कौन टिक सकता है। सम्मेलन के पुरोधा पुरुष स्वर्गीय नंद किशोर जालान जिन्होंने इन आंदोलनों में भाग लिया था अपना अनुभव समाज विकास में साझा किया था जो कि इस प्रकार है - "भंवरमल जी सिंघी की अगुवाई में कोलकाता की सड़कों पर पर्दा विरोध आंदोलन में शरीक रहने की प्रक्रिया के साथ जुड़े रहने का स्मरण - कुछ जगह हाथा पाई और दो-चार बार लाठियों के प्रहार व विरोधियों के थूक को फूल के स्पर्श की तरह ग्रहण करने, भरे हाल में पीछे से महिलाओं के मुख से पर्दा खींच कर पीट जाने तक की हिम्मत को भुलाए नहीं भुलाया जा सकता। दहेज के विरुद्ध आवाज, स्त्री शिक्षा की तीव्र आवश्यकता, मात्र व्यापार से हटकर सभी क्षेत्रों में प्रवेश-इनकी दहाड़ हजारों गांवों एवं शहरों मे गुंजाई गई।" आने वाली पीढ़ी का यक्ष प्रश्न है –

**सौपोंगे अपने बाद विरासत में क्या मुझे**
**बच्चों का सवाल है गूंगे समाज से।**

समाज एवं सम्मेलन के सभी प्रबुद्ध वर्ग को आज चिंतन की आवश्यकता है। हमें यह स्मरण रखना होगा – पटरी से उतरते ही खत्म हो जाती है।

रेल और जिंदगी कितनी एक सी है।

हमें मिलकर बैठकर यह चिंतन करना है कि इस स्थिति का मुकाबला किस प्रकार किया जाए। गत वर्ष गुवाहाटी में आयोजित २७वें अधिवेशन में सम्मेलन में समाज सुधार के विषय में कुछ प्रस्ताव पारित किए थे। उनको लागू करने की आवश्यकता आज से अधिक कभी नहीं थी। मैं सभी से आवाहन करुंगा कि –

**समाज के लिए लड़ो**
**लड़ नहीं सकते तो लिखो**
**लिख नहीं सकते तो बोलो**
**बोल नहीं सकते तो साथ दो**

यह भी नहीं कर सकते तो उनका मनोबल ना गिराओ, क्योंकि वे आपके हिस्से की लड़ाई लड़ रहे हैं।



## शाखाओ की यात्रा - सम्मेलन की खोज

इस बार अक्टूबर माह त्योहारों का माह है। सभी समाज बंधुओ को दुर्गा पूजा, नवरात्रि एवं दीपावली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं अनेक अनेक बधाईयाँ।

पटना, गुवाहाटी, नगांव, मोरान, जोरहाट, डिब्रूगढ़, तिनसुकिया, लखीमपुर, बोंगाईगांव, तेजपुर, बरपेटा रोड, गंगटोक, सिलीगुड़ी, मोयनागुड़ी, जलपाईगुड़ी, भागलपुर, खगड़िया, नवगछिया, बेगूसराय, पटना, बैंगलोर, जमशेदपुर, सूरत, हरिद्वार, ऋषिकेश, दिल्ली आदि की यात्रा के बाद इस माह उड़ीसा यात्रा में संबलपुर, बरगढ़, सोहेला, एवं बरपाली का भ्रमण करने का अवसर प्राप्त हुआ। इन यात्राओं में सम्मेलन में निहित ताकत एवं उसके पहुंच के विषय में आभाष मिलता है। इन यात्राओं में अनगणित समाज बंधुओ से संपर्क स्थापित हुआ जो कि मेरे जीवन की एक बहुमूल्य उपलब्धि रहेगी। उनके एकतरफा अहेतूकि प्रेम एवं स्नेह से मैं सिक्त हो रहा हूँ। इन यात्राओं के दौरान प्रांतो के भूतपूर्व अध्यक्षों की उपस्थिति एक विशेष अनुभूति देती है। अगर सम्मेलन एक आकाश है तो ये भूतपूर्व प्रांतीय अध्यक्ष इस आकाश के दैदिप्तमान सितारे हैं। अगर सम्मेलन एक सागर है तो ये भूतपूर्व प्रांतीय अध्यक्ष सागर के रत्न है जिन्होंने सम्मेलन को अपने श्रम, लगन, निष्ठा से सींचा है।

एक प्रकार से ये यात्रा सम्मेलन को जानने समझने का एकमात्र साधन है। इस प्रकार के उपक्रम के बगैर सम्मेलन को समझना नामुमकिन ही नहीं असंभव है। जो लोग यह पूछते हैं कि सम्मेलन के सदस्य बनने से क्या लाभ है, उन्हें मैं अब समुचित जानकारी देने के लायक बनता जा रहा हूँ। यह यात्राएँ मेरे लिए एक आंख खोलने की, सम्मेलन के असली स्वरूप को जानने समझने की यात्रा है। अक्सर यह कहा जाता है कि इतने वर्षो के बाद भी सम्मेलन के सदस्यों की संख्या इतनी कम नहीं होनी चाहिए। मेरी समझ में सम्मेलन पूरे समाज की है, सिर्फ सदस्यों की नहीं। जितने सदस्य अधिकारिक तौर पर वर्तमान में है उनसे अधिक समाज बंधुओ को मैं अपने विभिन्न दौरो में आयोजित समारोह में संबोधित कर चुका हूँ जबकि मेरी यात्रा सिर्फ १०% शाखाओं तक ही सीमित है। सम्मेलन एक संस्था ही नहीं उससे कहीं अधिक है। इन यात्राओं के दौरान विभिन्न क्षेत्रों के कर्मठ, कर्तव्यनिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ताओं से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जो कि वर्षों से सम्मेलन एवं समाज को अपने-अपने क्षेत्र में तन-मन-धन से निस्वार्थ सेवा प्रदान कर रहे हैं। सम्मेलन एक आंतरिक शक्ति संपन्न संस्था है। जो लोग इनसे जुड़े हुए हैं उन्हें सम्मेलन से विशेष लगाव है। इस बात को दोहराने में मुझे कोई हिचक नहीं कि सम्मेलन जैसी संस्था धन बल के द्वारा नहीं खड़ी की जा सकती। जैसे-जैसे मेरी यात्रा का दायरा बढ़ता है, वैसे-वैसे मैं सम्मेलन की गहराई के प्रति सजग होता जाता हूँ। सभी क्षेत्रों में सम्मेलन से जुड़े विशिष्ट एवं आम जन की उपस्थिति मुझे आस्वस्त करते हैं कि सम्मेलन की असली ताकत शाखा स्तर पर है। साथ ही साथ यह भी महसूस करने लगा हूँ कि इस ताकत की ऊर्जा को व्यापक समाज हित में लगाने की अपार संभावनाएं अभी बाकी है। अन्य शब्दों में कहा जा सकता है कि सम्मेलन हनुमान की तरह है, इसे स्वयं की ताकत का एहसास नहीं है। इस ताकत, ऊर्जा को समाज हित में लगाने के लिए कुछ प्राथमिकताएँ निर्धारित करने की आवश्यकता है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए मैंने सम्मेलन के पांच सूत्रीय कार्यक्रम की घोषणा सूरत में की थी। इन कार्यक्रमों को शाखा स्तर से प्रारंभ करने की आवश्यकता है। हम सभी जानते हैं कि समाज सेवा मारवाड़ी समाज के डीएनए में है। उसी प्रकार समाज सुधार सम्मेलन के डीएनए में है। आज समाज रसातल में जा रहा है। अनेक प्रकार की मर्यादाएँ भंग हो रही है। ऐसी हालत में सम्मेलन को अपनी सार्थक भूमिका निभानी है। यह भूमिका समर्पण एवं संकल्प के माध्यम से ही सफल हो पाएगा। साथ ही साथ सम्मेलन से जुड़े लोगों को अपने आचरण के द्वारा उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। इस संबंध में मैं गीता के वचन उधृत करना चाहूँगा :-

**यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।**
**स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते।।३.२१।।**

श्रेष्ठ पुरुष जो आचरण करता है अन्य पुरुष भी वैसा ही आचरण करता है। वह जो कुछ प्रमाण कर देता है समस्त मनुष्य समुदाय उसी के अनुसार बरतने लग जाता है।

सम्मेलन एवं समाज के सभी चिंतकों से मै आग्रह करना चाहूंगा कि वर्तमान स्थिति में सम्मेलन की सार्थक भूमिका एवं कर्म सूची के विषय में अपने सुझाव से मुझे अवगत करे ताकि समाज को हम जागृत करने मे अपनी अपेक्षित भूमिका निभा सके। **विवेकानंद के शब्द में कहूँ तो कहना होगा कि "उठो, जागो एवं लक्ष्य हासिल होने तक रुको नहीं"। मैंने जितना सम्मेलन को जाना - समझा है सम्मेलन के पास आवश्यक ऊर्जा है। बस उस ऊर्जा का व्यवस्थित उपयोग करने के लिए हमें समर्पण भाव एवं संकल्पित होने की आवश्यकता है, वे भी हमारे अंदर से ही जागृत होगी। आधे-अधूरे सोच से काम नही चलेगा।**

शिव कुमार लोहिया

# स्व. नन्द किशोर जालान जन्म-शतवार्षिकी समारोह

# सम्मेलन में स्व. जालान के अद्वितीय अवदान



अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से स्थानीय हिंदुस्तान क्लब, कोलकाता में सम्मेलन के पुरोधा पुरुष स्वर्गीय नंदकिशोर जी जालान के जन्म शतवार्षिकी समारोह राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। अपने अध्यक्षीय भाषण में लोहिया ने कहा कि स्वर्गीय जालान दीर्घ ५० वर्षों तक सम्मेलन की अहर्निश सेवा की, जो कि आने वाले पीढ़ियो को प्रेरणा देती रहेगी। स्वर्गीय जालान का जीवन समाज एवं सम्मेलन के प्रति समर्पित था। आज कार्यकर्ताओं का अभाव है एवं नेताओं की भरमार है। उनके जीवनी से हमें शिक्षा मिलती है कि संस्था मे कुछ श्रेय लेने वाले होते हैं एवं कुछ काम करते हैं। समाज में हम कितना भी अच्छा काम कर लें लेकिन हमारी कमी निकालने वाले फिर भी रह ही जाएंगे। इन सब बातो से कार्यकर्ता को हतोत्साहित नही होना चाहिए एवं अपना सर्वश्रेष्ठ समाज को देते रहना चाहिए। सब परिस्थितियां हमारे अनुकूल नहीं होती लेकिन विपरीत परिस्थितियों में भी एक सफल नेतृत्व अवसर ढूंढ लेता है। इस सत्र के नारे **आपणो समाज-एक समाज-श्रेष्ठ समाज** का उल्लेख करते हुए उन्होंने समाज के सभी घटकों को एक मंच पर संगठित होने का आह्वान किया।

पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नंद लाल रूँगटा ने स्वर्गीय जालान के अवदान का स्मरण करते हुए कहा की जालान जी सदा सम्मेलन के विषय में ही सोचते थे। उन्होंने उनके स्मरण में नंदकिशोर जालान स्मृति पुरस्कार देने का उल्लेख किया, जिसका स्वागत किया गया। प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी ओमप्रकाश जालान ने स्वर्गीय जालान के जीवन के विषय में प्रकाश डालते हुए उनके पारिवारिक पक्ष के बारे की बातों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वे सदा परिवार में पूजनीय रहे एवं इस समारोह में उपस्थित होकर पूरा परिवार गौरवान्वित हो रहा है। प्रधान वक्ता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम शर्मा ने कहा कि सम्मेलन एवं जालान जी एक दूसरे के पर्यायवाची हो गए थे। उन्होंने कहा की जालान जी के साथ उन्होंने १२ वर्षों तक सम्मेलन में कार्य किया एवं सदा ही उनका स्नेह एवं मार्गदर्शन मिलता रहा। उन्होंने स्वर्गीय जालान के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। प्रधान अतिथि एवं प्रसिद्ध



उद्योगपति, समाजसेवी सजन भजनका ने अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच की स्थापना में स्वर्गीय जालान की भूमिका के बारे में बताते हुए कहा कि इसकी स्थापना के समय स्वर्गीय जालान अनेक क्षेत्रों में जाकर युवाओं में चेतना का संचार किया एवं युवा मंच के उपादेयता पर प्रकाश डाला। यह उनके प्रयासों का ही प्रतिफल है कि सन १९८५ में मारवाड़ी युवा मंच की स्थापना हुई और आज वह युवा संगठन के रूप में पूरे देश में उभर कर आया है एवं समाज की सेवा में कार्यरत है। अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेंद्र भट्टर ने कहा कि युवा मंच स्व. जालान के अवदान को कभी नही भूलेगा। सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया ने भी इस अवसर पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रारंभ में शिवान एवं मान्विता जालान ने गणेश वंदना प्रस्तुत की एवं मिहिका जालान ने स्वागत गीत। राष्ट्रीय संयुक्त



महामंत्री श्री पवन जालान ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री दिनेश जैन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने किया। इस अवसर पर रश्मि जालान के निर्देशन में बनी स्वर्गीय जालान के जीवन पर एक वृति चित्र का सफल प्रदर्शन हुआ जिसे सभी ने सराहा। समारोह में सम्मेलन की मासिक पत्रिका समाज विकास के विशेषांक का विमोचन सभी मंचासीन अतिथियों के कर कमलो द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गण पद्मश्री प्रह्लाद राय अगरवाला, रामअवतार पोद्दार, संतोष सराफ, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री संजय गोयनका, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेश जालान, निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री संजय हरलालका, नंदकिशोर अग्रवाल, कैलाश काबरा, प्रमोद शाह, अनिल जाजोदिया, रमेश बूबना, विश्वम्भर नेवर, अरुण गाडोदिया, राजेश सोंथालिया, राजेश पोद्दार, योगेश अग्रवाल, विश्वनाथ भुवालका, पवन बंसल, अनिल डालमिया, सजन बेरीवाल, प्रकाश हरलालका, अनिल मलावत, अरुण मल्लावत, शिव रतन फोगला, सुंदर प्रकाश, अजय अग्रवाल, शोभित छावछरिया, बनवारी लाल जालान, अरुण जालान, संदीप सेक्सरिया, ओम प्रकाश सेकसरिया, श्रीमती अनुराधा खेतान एवं अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक

# सम्मेलन समाज की एक अद्वितीय संस्था – शिव कुमार लोहिया



अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की स्थाई समिति की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार लोहिया के अध्यक्षता में सम्मेलन सभागार में सम्पन्न हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष लोहिया ने कहा कि सम्मेलन समाज में समाज सुधार के कार्यक्रम का सूत्रपात एवं नेतृत्व प्रारंभ से ही किया है। अभी भी समाज सुधार हमारा प्रमुख मुद्दा है। साथ ही साथ हमें संस्कार संस्कृति चेतना, संगठन विस्तार, समरसता, राजनीतिक चेतना एवं आपणो समाज एक समाज श्रेष्ठ समाज पर जोर देना है। इन सब कार्यक्रमों का संदेश शाखा एवं प्रांतीय स्तरो पर भी होना अति आवश्यक है। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए उत्कल प्रदेश के दौरे के विषय में सभी सदस्यों को बताया एवं कहा कि सम्मेलन के प्रति उड़ीसा प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों में काफी उत्साह एवं भागीदारी देखने को मिल रही है। सम्मेलन का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है एवं सम्मेलन का समाज में विशिष्ट स्थान है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि मारवाड़ी सम्मेलन जैसी संस्था समाज की सेवा कर रही है एवं हम उसके एक अंग है। राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने सभा का संचालन किया एवं प्रधानमंत्री की रपट सभा पटल पर पेश की। उन्होंने बताया कि सम्मेलन अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। सभी का सहयोग एवं साथ मिल रहा है, यह एक हर्ष की बात है। वित्तीय उप समिति के अध्यक्ष श्री आत्माराम सोंथलिया ने इस सत्र में सम्मेलन द्वारा किए गए कार्यों के प्रति संतोष व्यक्त किया एवं सभी पदाधिकारियो को अपनी शुभकामनाएँ दी।



राजनीतिक चेतना समिति के चेयरमैन नंदलाल सिंघानिया, स्वास्थ्य उप समिति के चेयरमैन अनिल जी मलावत एवं पश्चिम बंगाल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के नंदकिशोर जी अग्रवाल ने अपने वक्तव्य रखे। सीताराम अग्रवाल, प्रमोद जैन एवं राजेश ककरानियाँ ने भी अपने सुझाव रखें।



सभा के प्रारंभ में राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री संजय गोयनका के हिंदुस्तान क्लब के उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचन पर स्वागत सम्मान किया गया। स्थाई समिति के सदस्य अमित मुँधड़ा को हिंदुस्तान क्लब के कार्यकारिणी समिति के सदस्य के निर्वाचन पर बधाई दी गई। इस बैठक में सर्वश्री पवन जैन, सज्जन बेरिवाल, शंकर जालान, संदीप सेक्सरिया, अरूण प्रकाश मल्लावत, रघुनाथ प्रसाद झुनझुनवाला भी उपस्थित थे। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

बरगढ़ में अग्रसेन जयंती समारोह

# समाज सुधार और प्रेम पूर्वक कार्य की प्रेरणा



बरगढ़ गोवर्धन बगीचा में आयोजित ८ दिवसीय अग्रसेन जयंती समारोह के समापन अवसर पर अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिवकुमार लोहिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने समाज और संस्कारों पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी कार्य को प्रेमपूर्वक करने से वह कार्य सफल होता है। उन्होंने कहा कि श्रेय उन्हीं को मिलता है जो दूसरों को श्रेय देना जानते हैं। श्री लोहिया ने अग्रसेन जयंती समिति के अध्यक्ष सुमन सांवड़िया के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि समिति ने प्रेम और समर्पण से कार्य किया है, जो समाज के लिए एक मिसाल है।



**मारवाड़ी समाज की विशेषता**

श्री लोहिया ने मारवाड़ी समाज की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह समाज दान प्रीति से, कमाई रीति से, और काम नीति से करता हैं। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी जहाँ भी जाता है, वह अपने कर्तव्य और मातृभूमि के प्रति समर्पित रहता है। उन्होंने मारवाड़ी समाज की कार्यकुशलता की सराहना करते हुए कहा, "मारवाड़ी समाज वह है, जो सूखी नदी में भी नाव चला सकता है।"

**समाज सुधार में अग्रणी रहा मारवाड़ी समाज**

श्री लोहिया ने समाज सुधार के क्षेत्र में मारवाड़ी समाज के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि इस समाज ने घूंघट प्रथा को समाप्त करने और महिलाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने विधवा विवाह की शुरुआत को भी एक क्रांतिकारी पहल बताया और महिलाओं को प्रेरित किया कि वे राष्ट्र के साथ साथ परिवार की शक्ति बनें।



**नारी शक्ति और परिवार का महत्व**

श्री लोहिया ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति राष्ट्र की शक्ति है और परिवार की आधारशिला भी। उन्होंने कहा कि बच्चों के चरित्र निर्माण और उनके भीतर सेवा भाव उत्पन्न करना ही परिवार का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। साथ ही उन्होंने बुजुर्गों की उपेक्षा न करने और उनके साथ समय बिताने की अपील की, ताकि परिवार में सुख और समृद्धि रहे।

**समाज के युवाओं के लिए संदेश**


युवाओं को शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि युवावस्था जीवन का श्रेष्ठ समय है, और इस समय का सदुपयोग कर युवा समाज सेवा में अपना योगदान दे सकते हैं। साथ ही उन्होंने विवाह में दिखावे और प्री-वेडिंग जैसे अनावश्यक खर्चो पर रोक लगाने की अपील की।

समारोह का संचालन अग्रसेन जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष सुमन सांवड़िया ने श्लोक, गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के साथ किया। अपने भावुक भाषण में उन्होंने समाज की एकजुटता और इस भव्य आयोजन की सफलता का श्रेय अपनी टीम और बरगढ़ के समस्त मारवाड़ी समाज को दिया। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने सभी को भाव-विभोर कर दिया।

समारोह के दौरान समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान भी किया गया, जिसका संचालन सीए योगेश अग्रवाल और सीए अंकित गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनमें उनकी कला और उत्साह देखने लायक थे।

समारोह में समाज के करीब २ हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया और कार्यक्रम का सफल बनाया।






Rungta Office, Nagpur Parishad Complex, Chaibasa, Jharkhand-833201


Yours Tastefully
Anmol
TM
Enjoy Great Taste with Good Health
FruitBix
dream LITE
Marie Plus
With Best Compliments from:
Anmol Industries Ltd.
BISCUITS, CAKES & COOKIES
For your comments, complaints and trade related queries write to us at info@anmolindustries.com
or call us at 1800 1037 211 | www.anmolindustries.com | Follow us on:
BISCUITS

सम्मेलन समाचार

# समाज के सभी घटकों में एकता सम्मेलन का लक्ष्य – शिव कुमार लोहिया



अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के आवाहन पर कल सम्मेलन सभागार में समाज के विभिन्न संस्था एवं संगठनों के साथ विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विचार विमर्श के लिए एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया ने सम्मेलन के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि सन १९३५ में प्रथम अधिवेशन में ही तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदेव चोखानी ने यह आवाहन किया था कि समाज के विभिन्न घटक एक मंच पर आए एवं सम्मेलन का हाथ मजबूत करें। इस सत्र मे सम्मेलन का नारा है **"आपणो समाज - एक समाज - श्रेष्ठ समाज"**। समाज के विभिन्न घटक एकजुट होकर समाज के विकास में कार्यरत हो यह समय का तकाजा है। उन्होंने सम्मेलन की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी उपस्थित महानुभावो से अनुरोध किया कि इसकी जानकारी वह अपने सदस्यों में बांटे। साथ ही उन्होंने समाज में पनपती हुई विसंगतियों एवं नई-नई कुरीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इसका मिलजुल कर हमें सामना करना है। लोहिया ने कहा कि मातृभाषा हमारे संस्कार एवं संस्कृति की संवाहक होती है। अतः घरों में एवं हमारे बच्चों के साथ हमें अपने मातृभाषा का उपयोग करना चाहिए ताकि हमारी संस्कृति और संस्कार बचे रहें। सभा में एक न्यूनतम कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गई। कार्यक्रम के संयोजक राजेश ककरानियाँ ने सभी उपस्थित महानुभावों का स्वागत किया एवं आशा व्यक्त की कि आज की इस बैठक से एक अच्छी शुरुआत होगी एवं हम समाज को एकजुट करने में सफल होंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश जैन एवं राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने सम्मेलन की विभिन्न स्वास्थ्य - शिक्षा संबंधी एवं रोजगार सहायता, व्यापार सहायता, राजनीतिक चेतना कार्यक्रमो से समाज के सभी व्यक्तियों को लाभ मिले इसका उन्होंने आवाहन किया। समाज के विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं इसमें सभी संगठनो के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

उपस्थित सभी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने इस पहल का स्वागत किया एवं बैठक के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केदारनाथ गुप्ता, वित्तीय उप समिति के चैयरमेन आत्माराम सोंथलिया एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि अरुण चुडीवाल, कृष्ण कुमार सिंघानिया, नरेंद्र तुलस्यान, प्रदीप खेतान, राजा राम बिहानी, हनुमान पंडित, नवल किशोर परसरामका, जगदीश प्रसाद चौधरी, दामोदर प्रसाद बिदावतका, अमित कुमार कहाली, महेंद्र अग्रवाल, अमर अग्रवाल, रमेश ककरानियाँ एवं सीताराम अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## विनम्र निवेदन

हम सभी जानते हैं कि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन अनेक क्षेत्रों में फैला हुआ है। विगत ८९ वर्षों में इसने अपनी भूमिका प्रभावी तरीके से निभाई है। १९३५ से लेकर अब तक असंख्य कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन में अपने लगन एवं निष्ठा द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिनके अवदानों के बिना सम्मेलन की स्थिति वह नहीं हो सकती थी, जो आज है।

सम्मेलन की ओर से एक प्रयास किया जा रहा है कि विभिन्न प्रांतों में सम्मेलन के जिन भूतपूर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ताओं ने सम्मेलन के विस्तार में समर्पित भाव से उल्लेखनीय भूमिका निभाई है, उनके अवदानों को हम समाज विकास में प्रकाशित करें।

अतः आपसे अनुरोध है कि इस विषय में हमें आवश्यक जानकारी फोटो सहित प्रेषित करने की कृपा करें।

## मारवाड़ी भाई-बेहना सू निवेदन

आपा आपणो देश मारवाड़ (राजस्थान) तो छोड़ दिया हाँ, काई आपणी मारवाड़ी, आपणी मातृभाषा ने भी छोड़ देनो, खत्म कर देनो चावां हाँ। आपणा में अधिकतर माता-पिता आपणा बच्चा (टाबरा) सू हिंदी, इंग्लिश में बात करा हाँ और गर्व महसूस करा हाँ, आज हर सिंधी रा बच्चा सिंधी बोले है, मराठी का मराठी, अटातांई के अरबपति अंबानी का बच्चा भी गुजराती में ही बात करे है, परंतु आज री जेनरेशन मारवाड़ी बच्चा ने तो मारवाड़ी आवे ही नहीं है, काई आपण मारवाड़ी बोलना में शर्म आवे है। इन बच्चा का हक है मारवाड़ी बोलनो और मारवाड़ी सीखनो तो कृपया कर गर्व सू मारवाड़ी में बात करो, कम से कम मां-पिता जी, भाई-भोजाई, चाचा-चाची जी, सगला घर का सू कोई एक तो बात शुरू करो।

आपणी मारवाड़ी भाषा ने विलुप्त होना सू बचाओ!

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में पहल

**सम्मेलन ने सदस्यों एवं समाज बंधु-बांधवों के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में निम्नलिखित पहल की है –**

सम्मेलन ने अपने सहयोगी 'बी. डी. गाड़ोदिया मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट' के माध्यम से **एस.वी.एस. मारवाड़ी अस्पताल** (अम्हर्स्ट स्ट्रीट) के साथ मिलकर विविध सर्जरी के लिए व्यवस्था की है, जिसमें **(१) हर्निया, (२) हाइड्रोसिल, (३) पाइल्स, (४) फिस्सुरे** के ऑपरेशन में होने वाले खर्च का 80 प्रतिशत योगदान 'बी. डी. गाड़ोदिया मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट' सीधे तौर पर अस्पताल को देगा और शेष 20 प्रतिशत मरीज को वहन करना पड़ेगा। इसका लाभ देश के सभी प्रांतों के समाज-बंधु ले सकते हैं।

**नोट :** आवेदन प्रपत्र केंद्रीय एवं प्रांतीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। चिकित्सकीय सेवा का लाभ प्रांतीय अध्यक्ष या महामंत्री के अनुशंसा पत्र के माध्यम से ही मिलेगा। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सम्मेलन के केंद्रीय कार्यालय से दूरभाष : 033-40044089, 8697317557, ईमेल : aimf1935@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं।

# सिलीगुड़ी शाखा का कार्यवृत



पश्चिम बंगाल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, सिलीगुड़ी शाखा द्वारा अगस्त २४ के दौरान किए गए विभिन्न कार्यों और सेवाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करती है :-

**१. जल शीतल केंद्र (पानी का कूलर) उद्‌घाटन**

१४ अगस्त २०२४ को नील नलिनी विद्यामंदिर स्कूल में यह पहल स्कूल के बच्चों और शिक्षकों को ठंडे पेयजल की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई। उद्‌घाटन में सम्मिलित प्रमुख व्यक्ति डॉ. आर. के. अग्रवाल (अध्यक्ष), अरुण कंदोई (सचिव), बजरंगी चेतीया (कार्यक्रम समन्वयक)।

**२. स्वतंत्रता दिवस समारोह**

१५ अगस्त २०२४ को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मारवाड़ी सेवा मंच द्वारा **"एक शाम देश के नाम"** का आयोजन किया गया, जिसमें हमारे सदस्यों और स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में माननीय सांसद श्री राजू बिस्टा जी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**३. पुरस्कार सम्मान**

२३ अगस्त २०२४ को हमारे कर्मठ सदस्य श्री मनोज शर्मा को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से सम्मेलन मंच कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**४. शिक्षा में योगदान**

२५ अगस्त २०२४ को पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन सिलीगुड़ी शाखा द्वारा होनहार बेटी हर्षिता सिंघल को



# प्रदीप सितानी जलपाईगुड़ी शाखा के अध्यक्ष घोषित



२५ अगस्त २०२४ रविवार को अग्रसेन भवन, जलपाईगुड़ी में पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, जलपाईगुड़ी शाखा की साधारण सभा हुई। उक्त सभा मे भारी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे। सभा के सचिव श्री प्रदीप जी सितानी ने अपने कार्यकाल की रिपोर्ट पेश की, कोषाध्यक्ष ने आय एवं व्यय का हिसाब पेश किया, अध्यक्ष श्री शंकर लाल मालाका ने अपने कार्यकाल की खट्टी-मीठी बातें को बेहतरीन अंदाज मे पेश किया।

अंत में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें जलपाईगुड़ी शाखा के अध्यक्ष के रूप में श्री प्रदीप कुमार सितानी, सचिव के रूप में श्री दिलीप साह, संचालक श्री विनोद झंवर एवं कोषाध्यक्ष के रूप में श्री श्याम बरेलिया घोषित हुए।

उनके घर पर जाकर सम्मानित किया गया, उनको स्कॉलरशीप में उच्च शिक्षा के लिए ८० लाख का बहुत अच्छा पैकेज मिला है। कार्यक्रम संयोजक बिजेंद्रजी गोयल सहित मनोजजी शर्मा, बजरंगजी सेठिया, महेन्द्रजी सिंघल, विष्णुजी मित्तल के साथ सचिब अरुण कंदोई की उपस्थिति में यह कार्य किया गया।

**५. आर्थिक अनुदान**

समाज की एक और बेटी को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक अनुदान का आवेदन प्राप्त हुआ था, जिसे राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने तुरंत कार्यवाही करते हुए उस बच्ची के खाते में राशि जमा करवाई।

**६. सदस्यता**

इस महीने सिलीगुड़ी शाखा में दो नए सदस्यों को जोड़ा गया उनके नाम श्री महेन्द्र दागा एवं श्री मेघराज सेठिया है।

आगामी समय में समाजसेवी कार्यों को और व्यापक बनाने के लिए योजनाएँ तैयार की जा रही हैं, जिनमें शिक्षा सहायता, स्वास्थ्य शिविर, और अन्य सामाजिक सेवा कार्यक्रम शामिल होंगे।

हम अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया, राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी, पवन जालान, एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्री नंदकिशोर अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हमें यह मंच प्रदान किया और हमारा मार्गदर्शन किया। हम अपनी सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

# आसनसोल शिल्पांचल शाखा के श्री नरेश अग्रवाल पूनः अध्यक्ष



दिनांक १२ सितंबर, २०२४, बृहस्पतिवार पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष द्वारा आसनसोल शिल्पांचल शाखा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन श्री श्याम मंदिर, राहा लेन आसनसोल के सभागार में किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में सदस्यगण उपस्थित हुए।

नयी कार्यकारिणी का गठन, पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री नंदकिशोर अग्रवाल, प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री दिनेश सराफ, प्रांतीय संगठन मंत्री उमेश खंडेलवाल एवं प्रांतीय पदाधिकारी श्री पंकज भालोटिया के उपस्थिति में आसनसोल शिल्पांचल शाखा के पुनर्निर्वाचित अध्यक्ष श्री नरेश अग्रवाल जी को शपथ वाक्य पाठ के माध्यम से करवाया गया।

प्रदेश अध्यक्ष श्री नन्द किशोर अग्रवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री नरेश अग्रवाल एवं नई कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं दी। श्री नन्दकिशोर अग्रवाल ने कहा कि आसनसोल शिल्पांचल शाखा के विकास एवं सामाजिक कार्यो में पश्चिम बंग प्रादेशिक सम्मेलन आपको पूरा सहयोग करेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री दिनेश सराफ एवं प्रदेश पदाधिकारी श्री पंकज भालोटिया ने अपने अपने विचार प्रकट करते हुए सम्मेलन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

श्री अनिल मोहनका सचिव एवं श्री आनंद पारेख ने कोषाध्यक्ष का दायित्वभार ग्रहण किया। साथ ही नरेश जी अग्रवाल के प्रस्ताव से शाखा की नयी कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।

शपथ ग्रहण समारोह में जिला के प्रतिभावान कृति छात्र-छात्राओं को शिक्षा में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ट्रॉफी एवं प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर शाखा के निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए :- सर्वश्री महेश शर्मा, सीयाराम अग्रवाल, दीपक तोदी, दीपक लोढ़ा, विमल अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, गोपाल गोयल, विनय अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, अभिषेक केडिया, मनोज अग्रवाल, विशाल मांवडिया, रविन्द्र सिंघानिया, पुनीत संतोरिया, विवेक खेतान, विजय संतोरिया, अरूण अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अजय अग्रवाल आदि सदस्य मुख्य उपस्थित थे। काफी संख्या में महिलाएं सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

प्रांतीय समाचार : पश्चिम बंग

# बर्धवान शाखा का पुनर्विन्यास



दिनांक २ अक्तुबर २०२४, बुधवार 'पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के बर्धवान शाखा का पुनर्विन्यास समारोह का आयोजन सिटी टॉवर बर्धवान के सभागार में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष श्री नंदकिशोर अग्रवाल ने, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री विश्वनाथ भुवालका, श्री दिनेश सराफ, प्रांतीय संगठन मंत्री श्री उमेश खंडेलवाल एवं प्रांतीय खंडेलवाल एवं प्रांतीय पदाधिकारी श्री पंकज भालोटिया के उपस्थिति में बर्धवान शाखा के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री जगदीश झंवर को शपथ वाक्य पाठ के माध्यम से शाखा का कार्यभार सौंपा।

शाखा के अधिकांश सदस्यों के मौजुदगी में 'श्री संदीप भीमराजका ने कार्यकारी अध्यक्ष तथा श्री सुभाष पोद्दार व श्री अनिल पहाड़िया ने सचिव एवं कोषाध्यक्ष का दायित्वभार ग्रहण किया।'

श्री नंद किशोर अग्रवाल ने सम्मेलन के आगामी परियोजनाओं के बारे में सदस्यों को जानकारी दी। श्री दिनेश सराफ ने प्रदेश और शाखाओं के आपसी समन्वय पर बल देते हुए शाखाओं को प्रदेश की तरफ से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। श्री पंकज भालोटिया ने समाज में एकजुटता को प्रधान्य देने पर प्रकाश डाला। नए शाखाध्यक्ष श्री जगदीश झंवर ने कहा कि बर्धवान शाखा श्रेष्ठ शाखा के तौर पर उभरेगी।

नई कार्यकारिणी के सदस्यों में श्री ललित पारीख, श्री किरोड़ीमल अग्रवाल, श्री अजय पोद्दार, श्री कनाईलाल अग्रवाल, श्री मोतीलाल बोथरा, श्री राजु भूतोड़िया, श्री राजेंद्र पोद्दार, श्री दिलीप सरावगी, श्री वीरमानंद अग्रवाल, श्री किशोर छाजेड़, श्री दशरथ प्रसाद अग्रवाल, श्री कृष्णा दारुका, श्री राजु स्वाइका आदि उपस्थित रहे।

# रानीगंज शाखा के श्री ओम प्रकाश बाजोरिया नए अध्यक्ष

दिनांक : १२ सितंबर २०२४, बृहस्पतिवार को रानीगंज शाखा के नव चयनित अध्यक्ष का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सुसंपन्न हुआ।'

समारोह में नयी कार्यकारिणी कि घोषणा भी की गई। 'श्री विमल अग्रवाल एवं CA आभास लुहारूवाला ने सचिव एवं कोषाध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया।'

पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री नन्द किशोर अग्रवाल की ओर से श्री ओम प्रकाश बाजोरिया को पगड़ी व शाल ओढ़ाकर शाखा अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाई। प्रदेश अध्यक्ष ने इस शुभ अवसर पर शाखा अध्यक्ष एवं उनकी टीम को शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित गणमान्य सदस्यों के समक्ष कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि श्री ओम प्रकाश बाजोरिया के नेतृत्व में रानीगंज शाखा एक नई ऊँचाई की ओर अग्रसर होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री दिनेश सराफ एवं प्रदेश पदाधिकारी श्री पंकज भालोटिया ने अपने विचार प्रकट किए।

रानीगंज शाखा के नए अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश जी एवं मुख्य सलाहकार श्री खेतान जी ने एक विचार से समाज को एकजुट बनाये रखने पर, सामाजिक एवं सांस्कृतिक उन्नती, महिलाओं का समाज के अग्रणी भूमिका में लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जतायी।

संस्था के मुख्य सलाहकार श्री खेतान जी ने "मारवाड़ीयत" को बनाए रखने पर अपना विशेष वक्तव्य रखा। रानीगंज शाखा के काफी संख्या में सदस्यगण उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष का संबलपुर में हुआ स्वागत




दिनांकः ४ अक्तुबर २०२४ को अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया के आगमन पर उनके सम्मान में एक स्वागत सभा का आयोजन किया गया, संबलपुर होटल हरजीत रेसीडेंसी में आयोजित सभा में मंच पर राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी, प्रांतीय अध्यक्ष श्री दिनेश अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री श्री सुभाष अग्रवाल, उपाध्यक्ष श्री मंगतुराम अग्रवाल, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री नकुल अग्रवाल, निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष श्री गोविंद अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री अशोक जालान, निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री श्री संजय हरलालका उपस्थित थे।

सभा का संचालन श्री राजकुमार पोद्दार ने किया। सभा के प्रारंभ में हरियाणा नागरिक संघ के तत्वाधान में स्वागत गीत पेश किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमारा नारा **'आपणो समाज–एक समाज--श्रेष्ठ समाज'** है, आज मारवाड़ी विभिन्न घटकों में विभाजित है। हमारा उद्देश्य है सभी घटकों को एक साथ एक छत्र के नीचे लाना जिससे मारवाड़ी समाज संगठित होकर चले। इसके अलावा उन्होंने अपने पंच सुत्रीय कार्यों के बारे में जानकारी दी। साथ ही समाज में फैली विसंगतियों, कुरितियों एवं आडंबर को खत्म करने के लिए ८ से १० प्रांतो का दौरा भी किया जिससे इन प्रयासों को बल मिल सके। उन्होंने सम्मेलन के ध्येय वाक्य **'म्हारो लक्ष्य–राष्ट्र री प्रगति'** के बारे में जिक्र किया और कहा की हमारा लक्ष्य समाज को संगठित करना है मारवाड़ी जहाँ भी रहेगा वो अपने समाज के प्रति, अपने राष्ट्र के प्रति सकारात्मक भूमिका निभाता रहेगा।



सभा में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री विजय केडिया, श्री मनोज जैन, श्री सुरेश कमानी, प्रांतीय संगठन उपाध्यक्ष श्री मधुसूदन शर्मा, कार्यालय सचिव श्री कमल पंसारी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री सज्जन भूत, श्री श्याम सुंदर अग्रवाल केसिंगा, प्रांतीय पीआरओ श्री कैलाश अग्रवाल, संबलपुर शाखाध्यक्ष श्री संतोष अग्रवाल, शाखा सचिव, श्री महेश झाझरिया, महिला समिति की पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती सुशीला फरमानिया, श्रीमती शांता पटवारी, मारवाड़ी युवा मंच महिला समिति, अग्रवाल सम्मेलन, हरियाणा नागरिक संघ, बड़ाबाजार युवक संघ, बुढ़ाराजा मारवाड़ी समाज तथा अनेक संस्थाओं के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। इसके पूर्व संबलपुर की अधिष्ठात्री देवी श्री श्री शमलेश्वरी माता के दर्शन किये वहाँ राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगवानी में श्री श्याम सुंदर अग्रवाल, श्री शंभु बरेलिया, श्री दिलीप शर्मा, श्री मोहन पंसारी, श्री पलसानिया एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।




वरिष्ठ अधिवक्ता उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री नकुल अग्रवाल, उनके सुपुत्र युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री दीपक जी से अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में बोलांगीर पधारने पर सम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाश पति तोदी उनकी आफिस में एक सौजन्यतामूलक भेंट वार्ता करते हुए। साथ में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री मनोज जैन।

# कलमपुर शाखा का गठन



उत्कल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा दिनांकः २० अक्टूबर २०२४ को एक नई शाखा बनी, प्रांतीय सचिव श्री सुभाष अग्रवाल तथा मंडलीय उपाध्यक्ष श्री दीपक गुप्ता तथा श्री लालचंद चौधरी जिला सेक्रेटरी, श्री राज कुमार अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष, श्री संजय सेठ प्रांतीय सदस्य, श्री चंपक अग्रवाल जूनागढ़ अध्यक्ष, श्री कुलदीप गुप्ता जिला जॉइंट सेक्रेटरी, श्री अनिल अग्रवाल जूनागढ़ ब्रांच सेक्रेटरी तथा अन्य पदाधिकारियों ने कलमपुर की बैठक में योगदान किया। २६ आजीवन सदस्यों के साथ शाखा का गठन हुआ। यह कालाहांडी जोन की १६वीं तथा प्रांत की ७८वीं शाखा है। कलमपुर के श्री सरोज शर्मा भी उपस्थित थे। जूनागढ़ ब्रांच के अध्यक्ष श्री चंपक जी की शाखा गठन में अहम भूमिका रहीं। कलमपुर शाखा की नई टीम इस प्रकार हैः– श्री देबराज जैन, शाखाध्यक्ष, उमाशंकर शर्मा, शाखाउपाध्यक्ष, एस.एन. शर्मा, शाखा सचिव, दिलीप गुप्ता (दयाराम गुप्ता), उप सचिव।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की तरफ से नई शाखा के गठन एवं नई टीम को बहुत बहुत बधाई!


IAC
SINCE 1959
ISO 9001:2015
ISO 14001:2015
ISO 45001:2018
NABL Accredited Lab
POWERING 35 NATIONS ACROSS THE WORLD
IAC Electricals Pvt Ltd is the one stop solution for providing innovative product and services to the electric power utility since 1959
PRODUCTS & SERVICES OFFERED:
• Transmission line and substation insulator fittings up to 1200 kV AC and 800 kV HVDC
• Conductor and groundwire accessories
• HTLS conductor accessories and Sub zero hardware fittings
• OPGW cable fittings
• Pole/Distribution line hardware
• AB Cable and ADSS cable accessories
• Substation clamps and connectors
• Conductor, Insulator and hardware testing facility
Transmission line and distribution line hardware fittings,
IEC/ISO 17025/2015 NABL accredited laboratory for conductor, insulator and hardware fittings type testing.
www.iacelectricals.com
info@iacelectricals.com
701, Central Plaza, 2/6, Sarat Bose Road, Kolkata - 700020

## दिवाली



दिवाली या दीपावली भारत के सबसे प्रसिद्ध त्योहारों में से एक हिंदू त्यौहार है। दीवाली का त्यौहार केवल हिन्दुओं के लिए ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि जैन धर्म, बौद्ध धर्म और सिख धर्म में भी इसका महत्व है।

हिन्दुओं के लिए, यह १४ साल के वनवास और राक्षस रावण पर विजय के बाद, अयोध्या में भगवान राम की वापसी से जुड़ा है। उस दिन, उनका अयोद्धा राज्य में स्वागत किया गया था, जो कि बहुत ही भव्य था और पूरा राज्य रोशनी से रोशन था।

इस प्रकार, तेल के दीपक जलाने की परंपरा है जो बुराई पर अच्छाई की जीत और आध्यात्मिक अंधकार से मुक्ति का प्रतीक है।

हमारे जीवन में दिवाली का महत्व यह है कि यह हमें जीवन की एक नई दिशा की ओर ले जाती है। चूंकि यह प्रकाश का त्योहार है, यह हमें बताता है कि हमारे जीवन में प्रकाश का क्या महत्व है दिवाली भी हमारी खुशी का अनुभव है।

दीवाली वह त्यौहार है जो अंधेरे के बाद उज्ज्वल का प्रतिनिधित्व करता है, बुराई पर जीत है। यह मुख्य रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए है कि लोग एक दुसरे के साथ मिले जुले और अपनी चिंताओं को भूलकर अपने प्रियजनों के साथ आनंद ले। हालांकि, अब यह पटाखों के कारण प्रदूषण का प्रमुख स्रोत बन गया है जो मेरे अनुसार गलत है।

**दिवाली के लिए क्यों महत्वपूर्ण है "दीया"?**

क्योंकि जब श्री राम १४ साल के बाद आते हैं तो ओद्धा के लोग श्री राम के आने की खुशी में दीया जलाते है, यही कारण है कि दीया दीवाली के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतीक है।

दीया ज्ञान, विश्वास, सद्भाव, संतुष्टि, सफलता, भलाई और सच्चाई का प्रतीक है। कुल मिलाकर दीयों को रोशनी की छवि के रूप में देखा जाता है और इसे प्रकाश के संदर्भ बिंदु के रूप में देखा जाता है जो दूसरे तरीके से संकेत देता है। जब बाती से तेल झुलसता है तो दीया प्रकाश देता है।

**दिवाली पर क्यों महत्वपूर्ण है लक्ष्मी?**

रोशनी का त्योहार देवा लक्ष्मी की पूजा का मुख्य कारण है। रोशनी का मतलब है दीवाली का उत्सव। दीवाली की रात लोग लक्ष्मी की पूजा करते हैं। और अपने दरवाजे खुले रखते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि लक्ष्मी आएगी।

**हम दिवाली पर रंगोली क्यों बनाते हैं?**

रंगोली एक पुरानी भारतीय परंपरा है जिसका कई वर्षों से हमारे पूर्वजों ने अनुसरण किया है। रंगोली दिवाली के दौरान एक विशेष महत्व रखती है। दिवाली में रंग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लोग अपने घरों को पेंट करते हैं इसलिए भी रंगोली महत्व रखती है।

विशेष अवसरों और समारोहों के दौरान हिंदू धर्म में रंगोली बनाना शुभ माना जाता है। माना जाता है कि रंगोली का आध्यात्मिक दृष्टिकोण और लाभ है। यह कहा जाता है कि रंग के साथ रंगोली का कंपन बदल जाता है और रंगोली दिवाली को और अधिक स्पेशल बनाते हैं।

## हवन का महत्व



फ्रांस के ट्रेले नामक वैज्ञानिक ने हवन पर रिसर्च की। जिसमें उन्हें पता चला कि हवन मुख्यतः आम की लकड़ी पर किया जाता है।

जब आम की लकड़ी जलती है तो फार्मिक एल्डिहाइड नामक गैस उत्पन्न होती है जो कि खतरनाक बैक्टीरिया और जीवाणुओं को मारती है तथा वातावरण को शुद्ध करती है। इस रिसर्च के बाद ही वैज्ञानिकों को इस गैस और इसे बनाने का तरीका पता चला।

गुड़ को जलाने पर भी यह गैस उत्पन्न होती है। टौटीक नामक वैज्ञानिक ने हवन पर की गई अपनी रिसर्च में पाया कि यदि आधे घंटे हवन में बैठा जाए अथवा हवन के धुँए से शरीर का संपर्क हो टाइफाइड जैसे खतरनाक रोग फैलाने वाले रोगाणु भी मर जाते हैं और शरीर शुद्ध हो जाता है।

हवन की महत्ता को देखते हुए राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान लखनऊ के वैज्ञानिकों ने भी इस पर एक रिसर्च की कि क्या वाकई में हवन से वातावरण शुद्ध होता है और जीवाणुओं का नाश होता है?

उन्होंने ग्रंथों में वर्णित हवन सामग्री जुटाई और इसे जलाने पर पाया कि ये विषाणुओं का नाश करती हैं और फिर उन्होंने विभिन्न प्रकार के धुए पर भी काम किया और देखा कि सिर्फ आम की लकड़ी एक किलो जलाने पर हवा में मौजूद विषाणुं बहुत कम नहीं हुए। पर जैसे ही उसके ऊपर आधा किलो हवन सामग्री डालकर जलाई गई तो एक घंटे के भीतर ही कक्ष में मौजूद नैगेटिव बैक्टीरिया का स्तर ९४ प्रतिशत तक कम हो गया।

यही नहीं उन्होंने आगे भी कक्ष की हवा में मौजूद जीवाणुओं का परीक्षण किया और पाया कि कक्ष के दरवाजे खोले जाने और सारा धुंआ निकलने के २४ घंटे बाद भी बैक्टीरिया का स्तर सामान्य से ९५ प्रतिशत कम था। बार-बार परीक्षण करने पर ज्ञात हुआ कि इस एक बार हुए का असर एक माह तक रहा और उस कक्ष की वायु में विषाणु स्तर ३० दिन बाद भी सामान्य से बहुत कम था यह रिपोर्ट एथ्नोफार्मोकोलॉजी के शोध पत्र में दिसंबर २००७ में छप चुकी है रिपोर्ट में लिखा गया की हवन सामग्री के द्वारा न केवल मनुष्य बल्कि वनस्पतियों एवं फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले बैक्टीरिया का भी नाश होता है जिससे फसलों में रसायनिक खादों का प्रयोग कम हो सकता है।

आप अपने परिजनों को इस जानकारी से अवगत अवश्य कराएं हवन करने से न केवल भगवान ही खुश होते हैं बल्कि घर की शुद्धि भी हो जाती है भगवान सभी परिजनों को सुरक्षा एवं समृद्धि प्रदान करें यही प्रार्थना परमात्मा से करता हूँ।

# ॐ का रहस्य

हिन्दू धर्म में ओम एक 'विशेष ध्वनि' का शब्द है। तपस्वी और ध्यानियों ने जब त्याग की गहरी अवस्था में सुना की कोई एक ऐसी ध्वनि है जो लगातार सुनाई देती रहती है शरीर के भीतर भी और बाहर भी। हर कहीं, वही ध्वनि निरंतर जारी है और उसे सुनते रहने से मन और आत्मा शांति महसूस करती है तो उन्होंने उस ध्वनि को नाम दिया ओम।

अनहद नाद : इस ध्वनि को अनाहत कहते हैं। अनाहत अर्थात जो किसी आहत या टकराहट से पैदा नहीं होती बल्कि स्वयंभू है। इसे ही नाद कहा गया है। ओम की ध्वनि एक शाश्वत ध्वनि है जिससे ब्रह्मांड का जन्म हुआ है। ॐ एक ध्वनि है, जो किसी ने बनाई नहीं है। यह वह ध्वनि है जो पूरे कण-कण में, पूरे अंतरिक्ष में हो रही है और मनुष्य के भीतर भी यह ध्वनि जारी है। सूर्य सहित ब्रह्मांड के प्रत्येक गृह से यह ध्वनि बाहर निकल रही है।

ब्रह्मांड का जन्मदाता : शिव पुराण मानता है कि नाद और बिंदु के मिलन से ब्रह्मांड की उत्पत्ति हुई। नाद अर्थात ध्वनि और बिंदु अर्थात शुद्ध प्रकाश। यह ध्वनि आज भी सतत जारी है। ब्रह्म प्रकाश स्वयं प्रकाशित है। परमेश्वर का प्रकाश। इसे ही शुद्ध प्रकाश कहते हैं। संपूर्ण ब्रह्मांड और कुछ नहीं सिर्फ कंपन, ध्वनि और प्रकाश की उपस्थिति ही है। जहां जितनी ऊर्जा होगी वहां उतनी देर तक जीवन होगा। यह जो हमें सूर्य दिखाई दे रहा है एक दिन इसकी भी ऊर्जा खत्म हो जाने वाली है। धीरे-धीरे सब कुछ विलिन हो जाने वाला है। बस नाद और बिंदु ही बचेगा।



ओम शब्द का अर्थ : ॐ शब्द तीन ध्वनियों से बना हुआ है– अ,उ,म...। इन तीनों ध्वनियों का अर्थ उपनिषद में भी आता है। अ मतलब अकार, उ मतलब ऊंकार और म मतलब मकार। 'अ' ब्रह्मा का वाचक है जिसका उच्चारण द्वारा हृदय में उसका त्याग होता है। 'उ' विष्णु का वाचक हैं जिसका त्याग कंठ में होता है तथा 'म' रूद्र का वाचक है और जिसका त्याग तालुमध्य में होता है।

ओम का आध्यात्मिक अर्थ : ओ, उ और म– उक्त तीन अक्षरों वाले शब्द की महिमा अपरम्पार है। यह नाभि, हृदय और आज्ञा चक्र को जगाता है। यह ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक भी है और यह भू: लोक, भूव: लोक और स्वर्ग लोग का प्रतीक है। ओंकार ध्वनि के १०० से भी अधिक अर्थ दिए गए हैं।

मोक्ष का साधन : ओम ही है एकमात्र ऐसा प्रणव मंत्र जो आपको अनहद या मोक्ष की ओर ले जा सकता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार मूल मंत्र या जप तो मात्र ओम ही है। ओम के आगे या पीछे लिखे जाने वाले शब्द गोण होते हैं। प्रणव ही महामंत्र और जप योग्य है। इसे प्रणव साधना भी कहा जाता है। यह अनादि और अनंत तथा निर्वाण, कैवल्य ज्ञान या मोक्ष की अवस्था का प्रतीक है। जब व्यक्ति निर्विचार और शून्य में चला जाता है तब यह ध्वनि ही उसे निरंतर सुनाई देती रहती है।

प्रणव की महत्ता : शिव पुराण में प्रणव के अलग-अलग शाब्दिक अर्थ और भाव बताए गए हैं– 'प्र' यानी प्रपंच, 'ण' यानी नहीं और 'व:' यानी तुम लोगों के लिए। सार यही है कि प्रणव मंत्र सांसारिक जीवन में प्रपंच यानी कलह और दु:ख दूर कर जीवन के अहम लक्ष्य यानी मोक्ष तक पहुंचा देता है। यही कारण है ॐ को प्रणव नाम से जाना जाता है। दूसरे अर्थों में प्रणव को 'प्र' यानी प्रकृति से बने संसार रूपी सागर को पार कराने वाली 'ण' यानी नाव बताया गया है। इसी तरह ऋषि-मुनियों की दृष्टि से 'प्र' अर्थात प्रकर्षेण, 'ण' अर्थात नयेत् और 'व:' अर्थात युष्मान् मोक्षम् इति वा प्रणव: बताया गया है। जिसका सरल शब्दों में मतलब है हर भक्त को शक्ति देकर जनम-मरण के बंधन से मुक्त करने वाला होने से यह प्रणव: है।

स्वत: ही उत्पन्न होता है जाप : ॐ के उच्चारण का अभ्यास करते-करते एक समय ऐसा आता है जबकि उच्चारण करने की आवश्यकता नहीं होती आप सिर्फ आंखों और कानों को बंद करके भीतर उसे सुनें और वह ध्वनि सुनाई देने लगेगी। भीतर प्रारंभ में वह बहुत ही सूक्ष्म सुनाई देगी फिर बढ़ती जाएगी। साधु-संत कहते हैं कि यह ध्वनि प्रारंभ में झींगुर की आवाज जैसी सुनाई देगी। फिर धीरे-धीरे जैसे बीन बज रही हो, फिर धीरे-धीरे ढोल जैसी थाप सुनाई देने लग जाएगी, फिर यह ध्वनि शंख जैसी हो जाएगी और अंत में यह शुद्ध ब्रह्मांडीय ध्वनि हो जाएगी।

शारीरिक रोग और मानसिक शांति हेतु : इस मंत्र के लगातार जप करने से शरीर और मन को एकाग्र करने में मदद मिलती है। दिल की धड़कन और रक्तसंचार व्यवस्थित होता है। इससे शारीरिक रोग के साथ ही मानसिक बीमारियां दूर होती हैं। काम करने की शक्ति बढ़ जाती है। इसका उच्चारण करने वाला और इसे सुनने वाला दोनों ही लाभांवित होते हैं।

सृष्टि विनाश की क्षमता : ओम की ध्वनि में यह शक्ति है कि यह इस ब्रह्मांड के किसी भी गृह को फोड़ने या इस संपूर्ण ब्रह्मांड को नष्ट करने की क्षमता रखता है। यह ध्वनि सूक्ष्म से भी सूक्ष्म और विराट से भी विराट होने की क्षमता रखती है।

शिव के स्थानों पर होता रहता है ओम का उच्चारण : सभी ज्योतिर्लिंगों के पास स्वत: ही ओम का उच्चारण होता रहता है। यदि आप कैलाश पर्वत या मानसरोवर झील के क्षेत्र में जाएंगे, तो आपको निरंतर एक आवाज सुनाई देगी, जैसे कि कहीं आसपास में एरोप्लेन उड़ रहा हो। लेकिन ध्यान से सुनने पर यह आवाज 'डमरू' या 'ॐ' की ध्वनि जैसी होती है। वैज्ञानिक कहते हैं कि हो सकता है कि यह आवाज बर्फ के पिघलने की हो। यह भी हो सकता है कि प्रकाश और ध्वनि के बीच इस तरह का समागम होता है कि यहां से 'ॐ' की आवाजें सुनाई देती हैं।

Apollo
TOUCHING LIVES

Certificate No. : M-0342
NABL Accredited

Apollo Clinic
Expertise. Closer to you.

P-72, Prince Anwar Shah Road, Opp. South City Mall, Kolkata-700 045
Tel. : 4021-2525-55, E-mail : pashahroad@theapolloclinic.com

# SERVICES AT A GLANCE

- **Laboratory Services - Advanced Automatic Equipments**
- **Radiology**
  - MRI / CT / Scan | - Digital X-Ray
  - Ultrasonography | - Colour Doppler Study
- **Cardiology**
  - ECG | - Echo-Cardiography
  - Echo-Colour Doppler | - Holter Monitoring
  - Treadmill Test (TMT)
- **Wide Range of Pathology**
- **Pulmonary Function Test**
- **UGI Endoscopy / Colonoscopy**
- **Physiotherapy**
- **EEC / EMG / NCV**
- **General & Cosmetic Dentistry**
- **Elder Care Service**
- **Sleep Study (PSG)**
- **EYE / ENT Care Clinic**
- **Gynae and Obstetric Care Clinic**
- **Haematolgy Clinic**
- **Personalised Care (Injection, Dressing, ECG etc.) at your doorstep**
- **Health Check-up Packages**
- **Online Reporting**
- **Report Delivery**

## Home Blood Collection

## (033) 4021-2525, 97481-22475

## 98301 96659

**Consultation I Diagnostics I Dentistry I Health Checks**

## प्रांतीय समाचार : उत्कल

# सोहेला में श्री अग्रसेन जयंती समारोह संपन्न




दिनांकः ३ अक्तुबर २०२४ (गुरुवार) श्री अग्रसेन जयंती समारोह बहुत ही धूमधाम एवं हर्ष उल्लास के साथ अग्रसेन भवन सोहेला में मनाया गया।

इस वार्षिक महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर माननीय सांसद बरगढ़ लोकसभा श्री प्रदीप पुरोहित जी, मुख्य वक्ता माननीय सी.ए. अनुराग अग्रवाल जी (संस्थापक - नैंसी कौशल फाउंडेशन, रायपुर), सम्मानित अतिथि के तौर पर माननीय विधायक श्री इराशिश आचार्य जी, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री शिवकुमार लोहिया जी, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के महासचिव श्री कैलाश पति तोदी जी, उत्कल प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष श्री दिनेश अग्रवाल जी, उड़ीसा प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष श्री पराग अग्रवाल जी, बोल बम कांवरिया संस्था रायपुर के संस्थापक श्री रमेश कुमार अग्रवाल जी, पूर्व मंत्री ओडिशा सरकार माननीय श्री प्रकाश देवता जी हमारे मुख्य सभा में पधार कर हमारे अग्र बंधुओं, युवा साथियों तथा मातृशक्ति को अपनी मधुर वाणी से प्रेरणा दी।

